13 JAN- Janj -Bhoomi pg 1 Jacket_Layout 1 1/13/2024 8:15 PM Page 1

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 14 जनवरी 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



## खबर संक्षेप



### मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लैब में लग रही लंबी कतार

**कोरबा।** जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक हो गई है। चिकित्सकों की सलाह पर जांच के लिए लैब में लंबी कतार लग रही है। जांच के लोगों को आधा से एक घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। इससे मरीजों को काफी असुविधा हो रही है। बताया जा रहा है कि मौसम में बदलाव से मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। रोजाना लगभग डेढ़ सौ से अधिक मरीजों की बीमारी की जांच के लिए ब्लड, यूरिन सहित अन्य सैंपल लिए जा रहे हैं। मरीजों को जहां जांच के लिए कतार में खड़ा होना पड़ रहा है, वहीं रिपोर्ट के लिए दूसरे दिन का चक्कर भी काटना पड़ रहा है।

### रेड रिबन क्लब पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**कोरबा।** केएन कॉलेज की रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी वायके तिवारी के निर्देशन में एचआईवी एड्स तथा रक्तदान के संबंध में जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करन श्रीवास, सिद्धि कुमारी, पूजा कुशवाहा, अनुष्का शुक्ला, अधिवेश बग्गा, अनिल कुमार, मनीष चंद्रा, सन्नी राव जगताप, देवांश कुमार, राहुल पूर्ति, चमन पटेल, भारती जायसवाल, काजल कर्ष, रूपाली श्रीवास, मनीषा खांडे, संध्या मिरी आदि स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

### वृद्ध ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 67 वर्षीय वृद्ध ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने घटनास्थल से एक लाइन का सुसाइड नोट बरामद किया है जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के अटल आवास राताखार की है। यहां निवासरत सनत कुमार पाण्डेय 67 वर्ष पिता कृष्ण कुमार पाण्डेय ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है। मृतक ने सुसाइड नोट में मकान मालकिन के कहने पर दो युवकों ने मकान खाली करने के लिए दबाव बना रहे थे लिखा है। पुलिस का कहना है कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी गई है।

### अवैध शराबः 14 पर गिरी पुलिस की गाज

**कोरबा।** जिले में अवैध शराब बेचने, पीने पिलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने मुहीम छेड़ दी है। अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 11 जनवरी को मानिकपुर चौकी के रामजानकी मोहल्ला, रजगामार चौकी के ग्राम कोरकोमा में संबंधित थाना-चौकी की टीम के द्वारा छापामार की कार्यवाही किया गया। कई स्थानों पर अवैध महुआ शराब बनाने के ठिकानों पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई कर महुआ पास और भट्ठी को नष्ट किया गया है, साथ ही अवैध शराब बनाने, बेचने और पीने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई किया गया। पुलिस कार्यवाही में 14 आरोपियों से कुल 5 लीटर महुआ शराब जप्त की गई है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा।** एक 32 वर्षीय युवक द्वारा एक नाबालिक बच्चे को मोटरसाइकिल में बिठाकर अपने घर ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य की घटना को अंजाम दिया था, बच्चे के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। मामला ऊर्जा थाना क्षेत्र का है। यहां निवासरत विजय साहू 32 वर्ष गांव में पान ठेला दुकान का संचालन करता है। बताया जाता है कि 11 जनवरी की शाम लगभग 5 बजे गांव में निवास करने वाला एक नाबालिक बच्चों को अपने मोटरसाइकिल में बिठाकर अपने घर ले गया था, जहां उसने नाबालिक बच्चों के साथ अप्राकृतिक कृत्य की घटना को अंजाम दिया। बच्चे ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद मामले की शिकायत उरगा पुलिस से की गई। पुलिस ने मामले में आरोपी विजय साहू के खिलाफ धारा 377, 4 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक डिमांड में जेल भेज दिया गया है।

## दो हजार से अधिक राशन कार्ड वाले दुकानों को बांटने का था प्रस्ताव

# शहर की बड़ी पीडीएस दुकानों को बांटने का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो हजार से अधिक राशन कार्ड वाले पीडीएस दुकानों को दो भागों में विभक्त करने का प्रस्ताव अभी भी ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है, पिछली सरकार के समय यह प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसके लिए विभाग ने आवेदन मंगाने की प्रक्रिया

**खास बात**

- पिछली सरकार के समय शुरु की गई थी प्रक्रिया

अगस्त 2023 में शुरू की थी, जो केवल प्रक्रिया तक ही सीमित रह गई और अभी भी ऐसी बड़ी पीडीएस दुकानें चल रही हैं। जहां कार्डधारियों की संख्या लगभग 3 हजार से भी अधिक है।

जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में ऐसी पीडीएस दुकानें संचालित है जहां राशन कार्डधारियों की संख्या 2 हजार से अधिक है और जिसकी वजह से कई हितग्राहियों को समय पर खाद्य सामाग्री नहीं मिल पाती। पिछली सरकार के समय ऐसी बड़ी दुकानों को 2 भागों में बांटने का प्रस्ताव तैयार किया गया था और सभी जिलों से इसके प्रभाव मांगे गए थे। इस प्रस्ताव में कोरबा जिले से भी बड़े दुकानों का प्रस्ताव भेजा गया था जहां कार्डधारियों की संख्या 2 हजार से अधिक है। राज्य शासन से मिले प्रस्ताव के तहत ऐसी बड़ी दुकानों को दो भागों में विभक्त करने के निर्देश भी दिए गए। 2023 अगस्त महीने में इसके संबंध में खाद्य विभाग द्वारा दुकान संचालन हेतु प्रस्ताव भी मांगे गए, जो समूह या सहकारी उपभोक्ता भंडार पीडीएस दुकान का संचालन करना चाहते हैं। लोगों ने इस संबंध में आवेदन भी खाद्य विभाग तक पहुंचाए, किंतु यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी और इस बीच विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लग जाने से यह प्रस्ताव पूरी तरह ठंडे बस्ते में चला गया और अभी भी ऐसी बड़ी दुकानों का संचालन एक प्राथमिक सहकारी उपभोक्त भंडार द्वारा किया जा रहा है।



राशन वितरण करते महिला समूह की सदस्य।

### ग्रामीण क्षेत्रों में समायोजन का खेल

कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में पीडीएस दुकानों का संचालन के लिए शहरी क्षेत्र की सहकारी समितियों को दिया गया है। इसके पीछे समायोजन करने की जानकारी दी जाती है। खाद्य विभाग की मानें तो दुकानों को समायोजन करने का काम अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय से होता है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों से हितग्राहियों को राशन नहीं मिलने की शिकायत जिला मुख्यालय तक पहुंच रही है। समायोजन के इस खेल से शहरी क्षेत्र की सहकारी समितियां दोहरा लाभ ले रही हैं। उनके जिम्मे शहरी क्षेत्र की दुकानें तो हैं ही ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों का संचालन अपने हाथ में ले लेते हैं।

### एक समिति को दो वार्ड की जिम्मेदारी

पीडीएस दुकान संचालन के दौरान कई ऐसी विसंगतियां सामने आई है, जिन्हें दूर करने के लिए सरकार ने दुकानों को दो भागों में बांटने का प्रस्ताव तैयार किया था। वर्तमान में एक प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार दो वार्डों की पीडीएस दुकानों का संचालन कर रही हैं। इन सहकारी उपभोक्ता भंडार समिति में कुछ ऐसी समितियां हैं जिनके दुकानों में राशन कार्डधारी हितग्राहियों की संख्या 4 हजार से अधिक पहुंच गई है और यहां सुबह से हितग्राहियों की लाईन लग जाती है। दो वार्ड की जिम्मेदारी संभालने वाली समितियों से हितग्राहियों को खाद्य सामाग्री भी पूरी नहीं मिल पाती। वहीं सर्वर डाउन का बहाना बनाकर दुकान संचालक वितरण कार्य भी प्रभावित कर देते हैं। कई ऐसे हितग्राही हैं, जो दुकानों के खोलने का सही समय निर्धारित नहीं होने के कारण राशन से वंचित हो जाते हैं। ऐसी दुकानों की संख्या शहरी क्षेत्रों में अधिक है।

### दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया चल रही है

कुछ बड़े दुकानों को दो भागों में बांटा गया है, जिससे दुकानों की संख्या बढ़ी है। जो बड़ी दुकानें शेष रह गई है उनके बांटने की प्रक्रिया चल रही है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में दुकानों की संख्या बढ़ाई जा रही है।

- **आशीष चतुर्वेदी,** सहायक खाद्य अधिकारी

# एसईसीएल की कोयला खदानों को लक्ष्य हासिल करने लगाना होगा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में एसईसीएल की कोयला खदानों ने एक बार फिर उत्पादन का कीर्तिमान रच दिया है। खदानों ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में 100 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन कर लिया है। कोरबा की खदानों को 157.72 मिलियन टन कोयला का उत्पादन करना है। वित्तीय वर्ष के 9 माह 10 दिन में 100.43 मिलियन टन कोयला उत्पादन के बाद अब शेष बचे 2 माह 21 दिन में 57.29 मिलियन टन कोयला का उत्पादन करना होगा।

एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं के प्रदर्शन पर ही पूरा दारोमदार रहेगा। एसईसीएल का सर्वाधिक कोयला कोरबा की खदानों से ही निकाला गया है। मेगा परियोजनाओं से ही 90 मिलियन टन से अधिक कोयला का उत्पादन हुआ है। एसईसीएल को मौजूदा वित्तीय वर्ष (1 अप्रेल 2023 से 31 मार्च 2024 तक) में 197 मिलियन टन कोयला उत्पादन का टारगेट दिया गया है। इस टारगेट में 157.72 मिलियन टन कोयला उत्पादन कोरबा जिले की मेगा परियोजना गेवरा, दीपका व कुसमुंडा सहित कोरबा एरिया की खदानों से किया जाना है। अब तक की स्थिति में एसईसीएल ने 197 लक्ष्य के मुकाबले 128.9 मिलियन टन कोयला का उत्पादन किया है। जिसमें अकेले कोरबा जिले की खदानों में 100.43 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। इस कीर्तिमान को कोरबा की खदानों ने 10 जनवरी को हासिल किया है। वित्तीय वर्ष में गेवरा को 60 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। उत्पादन के सैकड़े में सर्वाधिक कोयला गेवरा से 39.45 मिलियन टन निकाला गया है। कुसमुंडा ने 50 मिलियन टन के मुकाबले 32.24, दीपका ने 40 के मुकाबले 22.28 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। कोरबा एरिया को 7.72 मिलियन टन का टारगेट है। एरिया ने इस अवधि तक 6.46 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर लिया है। एरिया लक्ष्य के काफी करीब है। शेष दिनों में एरिया उत्पादन और डिस्पैच में लक्ष्य से आगे निकल जाएगी। एसईसीएल को उत्पादन की तरह 197 मिलियन टन कोयला का उठाव भी करना है। अब तक की स्थिति में कंपनी को 150 मिलियन टन से अधिक कोयला उठाव कर लेना था। इसके मुकाबले लगभग 137 मिलियन टन कोयला का उठाव किया गया है। कंपनी लगभग 14 मिलियन टन उठाव से पीछे है। कोरबा जिला कमाऊपूत कहा जाता है। जिले ने एक बार फिर इस बात को कोयला उत्पादन क्षेत्र में साबित किया है। 100 मिलियन टन उत्पादन के कारण राजस्व कमाई में इजाफा होना तय है। जानकार बताते हैं कि क्षेत्र में राजस्व कमाई के आधार पर डीएमएफ, सीएसआर मद जारी और खर्च होते हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि इस बार भी कोरबा को डीएमएफ और सीएसआर मद के रूप में भारी भरकम राशि मिलेगी।

# नगर निगम का गढ़ कलेवा हो रहा चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले वर्षों में घंटाघर के निकट स्मृति उद्यान के पीछे लाखों रुपए खर्च कर गढ़ कलेवा प्रारंभ किया गया था। जहां छत्तीसगढ़ के खान-पान की संस्कृति को उल्लेखित करते हुए पारंपरिक व्यंजनों की बिक्री शुरू की गई थी। छत्तीसगढ़िया रहन-सहन को प्रदर्शित करते हुए बनाए गए ढांचों में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा परंपरागत व्यंजन यहां आने वाले ग्राहकों को परोसे जाने लगे थे।

उम्मीद थी कि यह गढ़ कलेवा अपनी पहचान बनाएगा लेकिन कुछ दिनों के बाद ही गढ़ कलेवा उजड़ गया। यहां घंटाघर के मैदान में लगने वाली चौपाटी को शिफ्ट करने की योजना भी फेल हो गई है। बताया जाता है कि छत्तीसढ़िया संस्कृति को पल्लवित करते हुए प्रारंभ किये गये गढ़ कलेवा को एक संघ के दबाव और प्रभावशाली नेता के कहने पर बंद कर दिया गया। नगर निगम में करोड़ों की लागत से बनाए गए इस गढ़ कलेवा को विकसित करने के लिए और आकर्षक बनाने के लिए आने वाले लोगों हेतु उद्यान भी तैयार किए गए एवं बच्चों के लिए झूले भी लगवाए गए और फाउंटेन भी स्थापित कराया गया है। गढ़ कलेवा का शुभारंभ भी प्रशासन के द्वारा जोर-शोर से कराया गया था लेकिन इसके बाद झांकने की जहमत निगम प्रशासन के अधिकारियों ने नहीं उठाई। अच्छी खासी जगह गढ़ कलेवा में होने के बावजूद ओपन थिएटर के मैदान को बर्बाद करने का काम हो रहा है। लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी निगम कोरबा के द्वारा निर्मित चौपाटी आज खंडहर बन गया है जिसकी देख रख करने वाला भी कोई नहीं है। घंटाघर में यह चौपाटी जिसे गार्डन के पीछे गढ़ कलेवा में शिफ्ट कर दिया गया था आज वो बाहर लग रही है और जनता के करोड़ों रुपए से बनाए गए गढ़ कलेवा खंडहर में तब्दील हो चुका है। यदि चौपाटी को सख्ती से गढ़ कलेवा में शिफ्ट कर दिया जाये तो वाहन पार्किंग की समस्या का समाधान भी हो जाएगा।




घंटाघर के निकट स्मृति उद्यान के पीछे बना गढ़ कलेवा।

### महिला समिति हुई बेरोजगार

गढ़ कलेवा में अनेक प्रकार के छत्तीसगढ़ी पकवान एक समय में बनाए जाते थे। अब बंद हो गए हैं। लोग इन सभी पकवान को भूलकर आज फास्ट फूड के पीछे भाग रहे हैं और सेहत बिगाड़ रहे हैं। इसे कोरबा निगम को पुनः चालू कर सभी दुकानों को उसके अंदर शिफ्ट करना चाहिए।

# ट्रेने रद्दः ज्योत्सना ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने रेलवे द्वारा एक साथ बिना किसी सूचना के 10-12 ट्रेनों का परिचालन रद्द कर देने पर

**खास बात**

- केंद्रीय रेलमंत्री से मिलकर सांसद जताएंगी नाराजगी

गहरी नाराजगी और आपत्ति दर्ज करायी है। उन्होंने कहा है कि जिस तरह से रेलवे द्वारा ट्रेनों को बिना किसी पूर्व सूचना के एकाएक कैंसल कर दिया जाता है, उससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है। वे अपने गंतव्य के लिए टिकट कटा लेते हैं और फिर पता चलता है कि ट्रेन कैंसल हो गई है। बिना सूचना के किसी भी ट्रेन को कैंसल कर देना आपत्तिजनक है और वे इस विषय में रेलमंत्री से मिलकर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगी। सांसद श्रीमती महंत ने यह भी कहा है कि रेल संघर्ष समिति के संघर्षों और मेरे द्वारा किए गए लगातार पत्र व्यवहार के कारण आखिरकार छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा तक शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह एक्सप्रेस कोरबा तक जल्द प्रारंभ होनी चाहिए ताकि कोरबावासियों को इसका लाभ मिले। कोरबा-रायगढ़ के मध्य चलने वाली ट्रेन जल्द प्रारंभ होने से लाभ मिलेगा। कोरबा-बीकानेर के मध्य ट्रेन के बारे में मैने वहां के सांसदों से मिलकर चर्चा की और रेल मंत्री को आवेदन भी दिया है। उम्मीद है कि जल्द ही यह आग्रह मान लिया जाएगा। यात्री ट्रेनों की लेट-लतीफी के संबंध में भी मैने रेल मंत्री से बात रखी है कि कोयला लदान वाली गाड़ियों को तो जाने दिया जाता है किन्तु यात्रियों को परेशानी होती है। इस विषय में मैं चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रही हूं, जिसका मुझे दुख भी रहता है लेकिन मेरा प्रयास लगातार जारी रहेगा कि कोरबा की जनता को लाभ मिले।



सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के कोरबा प्रवास पर स्वागत करते समर्थक।

# रक्तदान शिविर में 43 लोगों ने किया रक्तदान

**कोरबा।** कटघोरा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरदा परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 43 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले में 41 पुरुष, 2 महिला शामिल थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अनेक कार्यक्रम शामिल हैं जैसे नशा से संबंधित, श्रमदान, रक्तदान आदि कार्यक्रम शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा के तत्वावधान में किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि इस शिविर में समापन के लिए क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत अरदा के संरपच श्रवण कुमार तंवर शामिल हुए।

# विकसित भारत बनाने के संकल्प को हर नागरिक तक पहुंचाना हैः संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कोरबा विकासखण्ड के ग्राम कुरूडीह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के संयुक्त सचिव संजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शिविर की गतिविधियां देखीं और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत को 2047 तक विकसित बनाना है। यह काम केंद्र सरकार और राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन के सहयोग से संभव है। शिविर के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही जरूरतमंद हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। इसलिए आप सभी योजनाओं का लाभ उठाते हुए विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को हर नागरिक तक पहुंचाना है और अपनी सोच तथा विश्वास को सकारात्मक रखते हुए जीवन शैली का बेहतर बनाने के साथ विकास की राह में आगे बढ़ना है। शिविर में अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों के 1 लाख 88 हजार से अधिक लोग शामिल हुए हैं। विकासखंडवार पोंड़ीउपरोड़ा से 57 हजार 396, पाली अंतर्गत 38 हजार 820 कोरबा अंतर्गत 21 हजार 669 कटघोरा अंतर्गत 45 हजार 77 और करतला विकासखंड अन्तर्गत 23 हजार 973 लोग यात्रा में शामिल हुए। शिविर में एक हजार से अधिक जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति प्रदान की है। शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनान्तर्गत 1592 हितग्राहियों, जीवन ज्योति बीमा योजनान्तर्गत 318, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत 4360 हितग्राहियों ने पंजीयन कराया है। शिविर में 61 हजार 314 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया है। इसी तरह 36 हजार 104 टीबी, 16 हजार 931 सिकलसेल की जांच की गई है।



कुरुडीह में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारी एवं हितग्राही।

### योजनाएं आपके लिए बनी हैं, लाभ उठाइएः वसंत

शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि किसी भी योजना का लाभ उठाने से पहले योजनाओं के बारे में जानना भी जरूरी है। यह योजनाएं आपके लिए बनी है, आप जागरूक बनिए और योजनाओं का लाभ उठाते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करिए। उन्होंने कहा कि शिविर में भारत सरकार एवं राज्य सरकार के योजनाओं की जानकारी अधिकारियों के माध्यम से प्रदान की जा रही है। शिविर का उद्देश्य योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को लाभान्वित करना है।

### हादसा या फिर हत्या, सड़क किनारे युवक की मिली लाश

**कोरबा।** एक अधेड़ व्यक्ति की हाईवे पर लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। अधेड़ व्यक्ति की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। संभावना जताई जा रही है कि कहीं उसकी हत्या कर लाश सड़क किनारे फेंकी तो नहीं गई है तो कहीं कोई बोल रहा है कि सड़क हादसे में उसकी मौत हुई है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। जानकारी के अनुसार लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कांटाद्वारी निवासी बंधन अगरिया 55 वर्ष पिता शनीराम अगरिया मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे में सतीश होटल के पास सड़क किनारे मिली है। घटना की सूचना मिलने पर बांगो थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे। जहां पुलिस द्वारा मामले की बारीकी से जांच की जा रही है कि आखिर बंधन अगरिया की लाश वहां मिली कैसे? ।

TOP IN JANJGIR









तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 14 जनवरी 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता



## खबर संक्षेप

### रविवारीय रामकथा में आज शामिल होंगे राजेश्री महंत



**शिवरीनारायण।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास पीठाधीश्वर श्री दूधाधारी मठ रायपुर एवं शिवरीनारायण मठ पहुंचकर 14 जनवरी को आयोजित रविवारीय रामकथा में शामिल होंगे। राजेश्री महन्त रविवार 14 जनवरी को सुबह 8 बजे श्री दूधाधारी मठ रायपुर से रवाना होकर 10:30 बजे शिवरीनारायण मठ पहुंचेंगे। यहां वे प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को आयोजित होने वाले रविवारीय राम कथा कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे शिवरीनारायण से रवाना होकर 12:45 बजे अकलतरा 1:30 बजे ग्राम खटोला एवं 2 बजे ग्राम अमोरा (आरसमेटा) पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात 2:30 बजे यहां से रवाना होकर शाम 5:30 बजे श्री दूधाधारी मठ रायपुर जाएगे।

### कल तक कर सकते है पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं से उच्चतर के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन के लिए 15 जनवरी तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 25 जनवरी तक एवं सेक्शन स्वीकृति लॉक करने 10 फरवरी तक निर्धारित की गई है। राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई मे अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी इस छात्रवत्ति के लिए पात्र होंगे।

### किसान सम्मान निधि स्व-पंजीयन का अप्रूवल करवाना अनिवार्य

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत स्वयं या सी.एस.सी. से स्व-पंजीयन करने उपरान्त कृषि विभाग में अनिवार्य रूप से अप्रूवल कराना अनिवार्य है, ताकि स्व-पंजीयन सक्रिय होकर योजनांतर्गत किस्त की राशि आना प्रारंभ हो जाये। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पात्र किसान द्वारा स्वयं या सी.एस.सी. से स्व-पंजीयन करने उपरान्त कृषि विभाग ने अप्रूवल अनिवार्य रूप से कराया जाना है। जमीन संबंधी दस्तावेज एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज के साथ, अपने ग्राम में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। पी.एम. किसान पोर्टल आई डी. में अप्रूवल हेतु समस्त दस्तावेज वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

### डभरा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 18 को

**जांजगीर-चांपा।** नगर पंचायत डभरा में अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान 18 जनवरी को होगा। कांग्रेस के समर्थित अध्यक्ष प्रीतम अग्रवाल की कुर्सी अब खतरे में हैं। नगर पंचायत डभरा के उपाध्यक्ष दीपक कुमार साहू एवं पार्षद रवि गुप्ता सहित अन्य पार्षदों द्वारा जिला क्लेक्टर सक्ती के पास 11 पार्षदों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन दिया। इसमें कांग्रेस एवं भाजपा समर्थित पार्षद है। पार्षदों ने नाराजगी जताते हुए नगर पंचायत के 11 पार्षद अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन कलेक्टर के पास पेश किया था, जिस पर कलेक्टर ने अविश्वास प्रस्ताव के लिए 18 जनवरी को सुबह 10:30 बजे का समय निर्धारित किया गया है। अविश्वास पर मतदान के बाद अध्यक्ष की कुर्सी का फैसला होगा।

## रिश्तों में आ रही दरार, कहीं पति- पत्नी तो कहीं बच्चे का मर्डर

# अपने ही हो रहे खून के प्यासे हत्या करने नहीं कांप रहे हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बदलते परिवेश में अपने ही अपनों के खून के प्यासे होते जा रहे हैं। कहीं पति - पत्नी तो कहीं बच्चे की हत्या करने हांथ नहीं कांप रहे हैं। ज्यादातर चरित्र शंका या प्रेम संबंध के चलते मर्डर की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं मामूली विवाद पर भी हत्या हो रही है। साल 2023 में जिले में हुए मर्डर के 28 केस में से अधिकांश में करीबी रिस्तेदार ही हत्यारे निकले। वहीं हत्या के प्रयास के 34 केस में से भी बहुत से मामलों में अपनों ने ही अपनों को जान से मारने की कोशिश की।

तेजी से बदलते परिवेश के साथ ही लोगों की मानसिकता भी बदलने लगी है। आधुनिकता के दौर में लोगों की सोंच में भी काफी बदलाव आ रहा है। लोगों में हिंसक प्रवृति बढ़ने लगी है। पाश्चात्य संस्कृति के अनुकरण के कारण समाज में विकृति आने लगी है। मामूली सी बात पर मारपीट की बात आम हो गई है। वहीं जाने अनजाने में हत्या करने से भी लोग पीछे नहीं हट रहे। हत्या के ज्यादातर मामलो में करीबी रिश्तेदार ही हत्यारे निकल रहे हैं। हत्या के केस भी बढ़ रहे हैं। जिले के विभिन्न थानों में साल 2022 में हत्या के 27 केस दर्ज किए गए थे। ये आंकड़ा साल 2023 में बढ़कर 28 हो गया। इसी तरह हत्या के प्रयास के 22 केस साल 2022 में दर्ज किए गए थे। साल 2023 में यह आंकड़ा बढ़कर 34 तक जा पहुंचा। इसी तरह साल 2022 में अपराधिक मानव वध के 3 तो दहेज मृत्यु के 7 केस दर्ज किए गए थे। साल 2023 में अपराधिक मानव वध के 6 तो दहेज मृत्यु के 8 केस दर्ज किए गए। खास बात यह है कि अधिकांश मामलों में करीबी रिश्तेदार ही हत्यारे निकले। कहीं पति - पत्नी तो कहीं बच्चे की हत्या की वारदात सामने आई। ज्यादातर चरित्र शंका या प्रेम संबंध के चलते मर्डर की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं कई केस में मामूली विवाद पर भी हत्या कर दी गई। इनमें से कई मामलों में आरोपी पुलिस के हत्थे भी चढ़ गए और अब जेल पहुंच गए है।

### पत्नी को जहर देकर मार डाला

बलौदा थाना क्षेत्र के जर्वे में सुदर्शन दास महंत ने 2 मार्च की रात अपनी पत्नी पार्वती महंत की कीटनाशक दवा पिलाकर हत्या कर दी। इसके बाद थाने में जाकर तबियत खराब होने के कारण मौत की सूचना दी। पुलिस ने पोस्ट मार्टम कराया। पोस्ट मार्टम के दौरान बिसरा प्रिजर्व किया गया था जिसकी जांच के लिए एफएसएल बिलासपुर भेजा गया। एफएसएल रिपोर्ट में किटनाशक दवाई सेवन से मृत्यू की बात सामने आई। विवेचना के बाद पुलिस ने सुर्दशन दास महंत के खिलाफ धारा 302, 328 कायम कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस की पूछताछ में सुर्दशन दास ने अपराध कबूल करते हुए बताया कि 2 मार्च की रात उसने पत्नी को किसी अन्य पुरुष के साथ आपत्ति जनक स्थिति में देखा तो गुस्से में आकर उसकी पिटाई कर दी। बाद में उसे कीटनाशक दवा पीला दी।

### शराब में जहर मिलाकर पति समेत 3 का मर्डर

अकलतरा थाना क्षेत्र के परसाही बाना में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति समेत 3 लोगों की शराब में जहर मिलाकर हत्या कर दी। आरोपी जयंती साण्डे का प्रेम संबंध ग्राम ठड़गाबहरा निवासी प्रेम सागर रत्नाकर के साथ था। इस बात की जानकारी जयंती के पति संतकुमार साण्डे को होने पर दोनों के बीच आएदिन विवाद और मारपीट होता था। जयंती और उसके प्रेमी प्रेमसागर ने मिलकर संतकुमार को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। योजना के तहत 4 सितंबर को जयंती साण्डे ने अपने पति संत कुमार साण्डे को घर में पहले से जहर मिलाकर रखे देशी शराब को पीने के लिए दे दिया। इसी बीच संतकुमार के दोस्त संजय साण्डे और जितेन्द्र सोनकर आ गए। संत कुमार के घर के पीछे तीनो ने शराब पी ली। शराब पीने के बाद तबियत खराब होने पर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तीनों की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी जयंती साण्डे और प्रेमसागर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया।

### नाबालिग बेटी की गला घोंटकर हत्या

जांजगीर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की की उसके पिता और सौतेली मां ने 28 नवंबर को गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को आत्महत्या का रूप देने लाश को फाँसी के फंदे पर लटका दिया। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में मृत्यु दम घुटने और हत्यात्मक प्रवृति का होना लेख किया गया। विवेचना दौरान स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर पुलिस को मृतिका के पिता विजय कुमार विजय और सौतेली माँ रेखा विजय पर संदेह हुआ। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने अपनी पुत्री का किसी लडके के साथ प्रेम संबंध का पता चलने के बाद बार-बार मना करने पर भी न मानने के कारण गला दबाकरहत्या कर रस्सी से पंखे से लटकाने की बात कबूल की।




दुकान खुलते ही लगी हितग्राहियों की भीड़।

# सप्ताह में दो दिन खुल रही पीडीएस दुकान, हितग्राही हो रहे हलाकान

## सेल्समेन की धान खरीदी में लगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

आदर्श ग्राम गोधना के शासकीय उचित मूल्य दुकान से राशन लेने के लिए हितग्राहियों को इन दिनों कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। पीडीएस दुकान सप्ताह में केवल दो दिन ही खुल रही है। ऐसे में दुकान खुलते ही ग्रामीणों की भीड़ लग जाती है। पीडीएस दुकान के सेल्समेन की ड्यूटी धान खरीदी के कार्य में लगा दी गई है। जिसके कारण राशन पाने के लिए हितग्राहियों को परेशान होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों को रियायती दर पर चावल, शक्कर व अन्य खाद्य सामग्री प्रदान करने गांव गांव में पीडीएस दुकान खोले गए है। गोधना में भी शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित है। यहां पिछले कुछ दिनों से हितग्राहियों को राशन सामग्री लेने के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। वजह यह है कि दुकान के सेल्समेन अमृतलाल की ड्यूटी धान खरीदी के कार्य में लगा दी गई है। सेल्समेन सप्ताह के पांच दिन धान खरीदी केन्द्र में कार्य कर रहे है। शनिवार और रविवार को धान खरीदी का कार्य बंद होने पर सेल्समेन के द्वारा उचित मूल्य की दुकान खोली जा रही है। ऐसे में शनिवार और रविवार को राशन सामग्री लेने ग्रामीणों की भीड़ जुट जाती है। सप्ताह में केवल दो दिन ही पीडीएस दुकान खुलने के कारण राशन सामग्री पाने हितग्राहियों को मशक्कत करनी पड़ रही है। भीड़ अधिक होने के कारण कई बार तो हितग्राहियों को सुबह से लेकर शाम तक राशन पाने के लिए कतार में खड़ा होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा नियमित रूप से पीडीएस दुकान खोलने की व्यवस्था की ओर ध्यान देने की जरूरत है।

### 25 से 28 तक होगा वितरण

इस संबंध में सेल्समेन अमृतलाल का कहना है कि इस माह केवल शनिवार-रविवार और 25 से 28 जनवरी तक राशन वितरण हो पाएगा, क्योंकि बाकी दिन मंडी में धान खरीदी करनी होती है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर सभी को राशन सामग्री का वितरण कर दिया जाएगा।

# नौकरी लगाने के नाम पर 21 लाख की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विद्युत विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ऑनलाइन और नगदी के माध्यम से अलग अलग लोगों से 21 लाख रुपए की ठगी की थी। सायबर सेल की मदद से पामगढ़ पुलिस को यह सफलता मिली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बुंदेली निवासी संजय कुमार सायसेरा ने 12 जनवरी को थाना पामगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रेडक्रास सोसायटी रायपुर से उसकी जान पहचान रायपुर में रहने वाले दीपक लाल मिरी से हुई। दीपक और उसके साथी मोहन लाल साहू ने रायपुर में बिजली विभाग के बड़े अधिकारियों से जान पहचान होने और बिजली विभाग में नौकरी लगवाने की बात कही।सहायक ग्रेड 3 एवं भृत्य पद पर भर्ती कराने की बात कही गई। बहकावें में आकर संजय ने छोटे भाई राजेन्द्र कुमार रायसेरा एवं रिश्तेदारों से 12 लाख 90 हजार रुपए तथा अनुरोध टंडन से 8 लाख 50 हजार रुपए अलग अलग किस्तो में आरोपियों को नगद एवं उकाउंट के माध्यम से भुगतान किया। आरोपियों ने कुल 21 लाख 40 हजार रुपए ले लिए। नौकरी भी नहीं लगी और पैसा वापस मांगने पर वे टाल मटोल करते रहे। इस पर ठगी का अहसास हुआ। जिसके बाद पामगढ़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने धारा 420, 120 बी का जुर्म दर्ज कर सायबर सेल की मदद से रायपुर से दीपक लाल मिरी और मोहन लाल साहू को पकड़ा। हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों ने जुर्म स्वीकार किया। धोखाधड़ी की रकम को खर्च करना बताया। आरोपी दीपक लाल मिरी से 2 हजार रुपए और मोहन लाल साहू से 15 सौ रुपए बरामद किया गया। कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, उप निरीक्षक थाना पामगढ़ राकेश कुमार सूर्यवंशी, सहायक उप निरीक्षक सायबर सेल मुकेश पाण्डेय, आरक्षक रोहित कहरा, महिला आरक्षक दिव्या सिंह एवं सायबर सेल स्टाफ का योगदान रहा।

## राहत की धार...



**जांजगीर-चांपा।** हसदेव बांगो नहर से राहत की धार खुल गई है। मुख्य नहर से होते हुए शाखा नहरों के माध्यम से गांव गांव में पानी पहुंच गया है। इसके साथ ही किसान ग्रीष्मकालीन फसल की तैयारी में जुट रहे है। फोटो : हरिभूमि

# 80 पाव देसी शराब के साथ पकड़े गए दो तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

देसी शराब का अवैध परिवहन कर रहे दो तस्करों को पुलिस ने पकड़ा है। तस्करों के कब्जे से 80 पाव देसी शराब बरामद कर आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है।

जिले में शराब के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए है। इसके परिपालन में थाना प्रभारियों ने मुखबिरों को एलर्ट कर दिया है। इसी कड़ी में जांजगीर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली कि मोटर सायकल में दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर पचेड़ा की ओर जा रहे है। सूचना पर पुलिस ने पिसौद तालाब के पास घेराबंदी कर मनोज कश्यप और दिनेश गढ़वाल को पकड़ा गया। उनके कब्जे से 80 पाव देसी प्लेन शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 64 सौ रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने अवैध परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल को भी बरामद किया है। पुलिस ने पचेड़ा निवासी 40 वर्षीय मनोज कश्यप और 30 वर्षीय दिनेश गढेवाल के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

# उपार्जन केंद्र से 31 कट्टी धान की चोरी, 3 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

उपार्जन केंद्र से 3 चोरों ने 31 कट्टी धान की चोरी कर ली। रिपोर्ट के 24 घंटे के भीतर अकलतरा पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इन दिनों समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। किसान अपना धान उपार्जन केंद्रों में बेच रहे हैं। इस धान पर भी चोरो की नजर पड़ गई है।

अकलतरा थाना क्षेत्र के पोडीदल्हा संगवारी कृषि केन्द्र एवं उपार्जन केन्द्र अमलीमाली से 31 कट्टी धान की चोरी कर ली गई। केंद्र प्रभारी शैलेन्द्र सिंह और जितेन्द्र सिंह ने 12 जनवरी को अकलतरा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध क़ायम कर विवेचना मे लिया। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर चोरों को पकड़ लिया। पोडीदल्हा निवासी 20 वर्षीय मुकेश कुमार सिदार, 21 वर्षीय शेख सुल्तान और 20 वर्षीय मनीष कुमार सिदार को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी का 31 कट्टी धान बरामद किया गया। धान की कीमत 31 हजार 830 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों को धारा 379, 34, 457,380 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।




**खास बात**

- पोड़ीदल्हा संगवारी कृषि केन्द्र एवं अमलीपाली उपार्जन केन्द्र का मामला

## विद्यार्थियों को एग्जाम की तैयारी करने में होगी आसानी

# बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए चलेगा 40 डे मिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कार्यशाला में परीक्षा के लिए टिप्स देते कलेक्टर।

बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए जिले में मिशन 40 डे शुरू किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों के परीक्षा की तैयारी करने में आसानी होगी। जिले में शिक्षा के नवाचार के लिए शैक्षणिक समन्वयकों की कार्यशाला में कलेक्टर ने जानकारी देते हुए नवाचारी कार्यक्रम को चलाए जाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से शुरू होगी। जिले में 46 हजार विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। कक्षा दसवीं में 26 हजार 497 तो बारहवीं में 20 हजार 188 विद्यार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों के मन में डर बना रहता है। सरकारी स्कूल के विद्यार्थी सही मार्गदर्शन नहीं मिल पाने के कारण पढ़ाई में पिछड़ जाते हैं। इन बातों को ध्यान में रख कर नव पदस्थ कलेक्टर आकाश छिकारा ने कार्य योजना तैयार की है। शिक्षा के स्तर को सुधारने जिले में बोलेगा बचपन, पुस्तक दान अभियान, उत्कृष्ट जांजगीर, मिशन 40 डे जैसे नवाचारी कार्यक्रम चलाए जाएंगे। कलेक्टर आकाश छिकारा ने ऑडिटोरियम में शिक्षा के नवाचार के लिए शैक्षणिक समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में कलेक्टर ने शिक्षा गुणवक्ता का सुधार करने, जिले में पुस्तक दान अभियान, बोलेगा बचपन, उत्कृष्ट जांजगीर, मिशन 40 डे जैसे नवाचारी कार्यक्रम चलाए जाने के संबंध में बताया। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन करें और बच्चों के टेस्ट परीक्षा लेकर उनका डर दूर करें। कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के तैयारियों के लिए मिशन 40 डे शुरू किया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों के परीक्षा की तैयारी करने में आसानी होगी। कलेक्टर ने शिक्षा गुणवत्ता के साथ विद्यार्थियों के परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए उत्कृष्ट जांजगीर अभियान की शुरूआत करने की बात कही।

### चलेगा पुस्तक दान महा अभियान

बोलेगा बचपन अभियान के अन्तर्गत स्कूल में प्रतिदिन विद्यार्थियों प्रार्थना सभा के समय अपना परिचय, सुविचार सुनाएंगे। इससे बच्चों में समझ तथा तर्क करने की क्षमता बढ़ेगी। पुस्तक दान महा अभियान के माध्यम से पुरानी पुस्तकों को नागरिको से संकलित कर लाइब्रेरी तैयार की जाएगी।

# अवैध रूप से नशीली दवा का कारोबार करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



पुलिस अभिरक्षा में आरोपी

अवैध रूप से नशे की दवा बेचने वाले को सक्ती पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

नशे की बढ़ती आदत और अवैध कारोबार को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे द्वारा जिले मे नशे के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में 11 जनवरी को पुलिस ने ग्राम नवापारा में विजय पटेल नशे की टैबलेट अवैध रूप से बेचता है। सूचना पर वहां छापामारी की गई। एक ग्राहक को भेजकर नशे की गोलियां खरीदवाई गई। पुलिस ने विजय पटेल को रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके पास से 5 पत्तो में अल्प्राजोलम टैबलेट मिली,जिन्हे 200 रुपए प्रति टैबलेट सट्रिप में बिक्री कर रहा था। पुलिस ने विजय पटेल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत करवाई करते हुए उसे रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### साइकिल से अयोध्या यात्रा पर गए युवाओं का मप्र के राज्यमंत्री ने किया सम्मान



**मुलमुला।** छत्तीसगढ़ से अयोध्या साइकिल यात्रा में गए युवाओं का कोतमा विधायक एवं मध्य प्रदेश के राज्य मंत्री ने उनका सम्मान किया। 10 जनवरी की शाम से छत्तीसगढ़ से पांच युवा कोरबा जिला से चले हैं। अयोध्या राम मंदिर तक साइकिल यात्रा में सुग्रीव यादव, मनीष साहू, नीतीश साहू, शाश्वत पांडे और सहाया जोसेफ शामिल है। 12 जनवरी को लगभग 200 किमी सायकल चलाकर छत्तीसगढ़ बॉर्डर क्रॉस करते हुए मध्य प्रदेश की सीमा में पहुंचे। राजनगर के निवासियों को जैसे ही यह पता चला वहां के पार्षद गण एवं समस्त ग्रामीण ने मंत्री से संपर्क कर अयोध्या के लिए निकले साइकिल यात्रा पर पांचो युवकों का मध्य प्रदेश शासन राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त दिलीप जायसवाल द्वारा एवं राजनगर पार्षद भी जायसवाल के साथ समस्त नगर निगम के जनों द्वारा सम्मान किया गया एवं भव्य स्वागत किया गया। साथ ही रात्रि में विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था कराकर सुबह विदाई दी गई।

### ग्राम भैसों में कृषक चेतना मंच की बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** कृषक चेतना मंच की बैठक रविवार 14 जनवरी को ग्राम भैंसों में होगी। इस बैठक में जिला के किसान उपस्थित रहेंगे। बैठक में निम्न विषयों पर चर्चा की जाएगी, जिसमें पूर्वी मांगों एवं समस्या जिन पर सरकार ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया उस पर चर्चा की जाएगी। इसी प्रकार आगामी फसल पर चर्चा, संगठन के विस्तार पर चर्चा तथा अन्य विषय जो किसानों द्वारा रखा जाएगा उन पर चर्चा की जाएगी। सभी किसानों से बैठक में अधिक से अधिक उपस्थित होने और अपना विचार एवं सुझाव देने अपील की गई है।

### कोटमी सोनार में तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेले की तैयारी पूरी

**अकलतरा।** अकलतरा विकास खंड के ग्राम कोटमी सोनार में जांजगीर जिला की सबसे बड़ी बांध कर्रा नाला जलाशय है। यह 525 एकड़ में है। जलाशय के गेट के पास सतबहिनीया (दुर्गा) मंदिर निर्माण आसपास के नौ गांव मिलकर किया गया है। कर्रानाला कोटमी सोनार में गत 15 वर्ष से मकर संक्रांति मेला का भव्य आयोजन होते आ रहा है। इस वर्ष 15 जनवरी से 17 जनवरी को यह आयोजन किया गया है। मेला समिति एवं मंदिर के पुजारी गोपाल सिंह बैगा ने बताया कि लगातार 15 वर्ष से मंदिर परिसर में मकर संक्रांति मेला लगाया जा रहा है। मेले में मीना बाजार और झूला आकर्षक का केंद्र रहता है। आसपास के 25 गांवों से श्रद्धालु गण मां सतबहिनीया के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए आते है। मेला में आने वालों के लिए पीने का पानी, विश्राम करने, सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था किया गया है। मंदिर समिति ने मेला की आयोजन की तैयारी कर ली है। यहां की मकर संक्रांति मेला में श्रद्धालुओं की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ रही है। इस वर्ष मेले में 25000 से अधिक लोगो की आने की संभावना है।

### केंद्रीय रेशम बोर्ड सलाहकार समिति में रामाधार होंगे सदस्य

**बहेराडीह।** केंद्रीय तसर अनुसन्धान व प्रशिक्षण संस्थान, केंद्रीय रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय भारत



सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य से जांजगीर चांपा जिले सिवनी-चांपा के प्रगतिशील किसान, कोसा रेशम कीट पालन का मास्टर ट्रेनर, छत्तीसगढ़ आरसेटी के डोमिन असेसर एवं वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह परिवार के प्रमुख रामाधार देवांगन को केंद्रीय सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। इस समिति में भारत के सभी अलग अलग राज्यों के केंद्रीय तसर अनुसन्धान, प्रशिक्षण संस्थान, केंद्रीय रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के संचालक को भी सदस्य बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि श्री देवांगन भारत का पहला किसान स्कूल बहेराडीह के प्रमुख सदस्य के अलावा हमर संगवारी किसान उत्पादक कम्पनी के डायरेक्टर, छत्तीसगढ़ आरसेटी के कोसा रेशम कीट पालन के मास्टर ट्रेनर, डोमिन असेसर और कृषि विभाग के कृषक संगवारी भी हैं। कृषि क्षेत्र में उन्हें राज्य और केंद्र स्तर पर कई पुरुस्कार से नवाज़ा गया है। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि 14 जनवरी को अपरान्ह 10 बजे किसान स्कूल बहेराडीह में छत्तीसगढ़ के किसानों द्वारा केंद्रीय तसर अनुसन्धान प्रशिक्षण संस्थान, केंद्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय सलाहकार समिति में बनाये गये प्रगतिशील किसान रामाधार देवांगन का सम्मान किया जायेगा। सम्मान समारोह में किसान, बुनकर,महिला समूह, एफपीओ और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

## निधन

### महेन्द्र पांडेय

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम किरीत के प्रतिष्ठित



नागरिक महेंद्र पांडेय का 71 वर्ष की आयु में गुरुवार 11 जनवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

---

### कलेक्टर ने मतदाताओं को सभी निर्वाचन में मताधिकार का उपयोग करने दिलाई शपथ

# मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

- हाई स्कूल मैदान जांजगीर में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- 22 जनवरी तक जोड़े जाएंगे मतदाता सूची में नाम
- मतदाता सूची में 18 वर्ष के प्रत्येक नागरिक, नवविवाहिता, दिव्यांग और थर्ड जेंडर के जोड़े जाएंगे नाम

भारत निर्वाचन आयोग और छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले में शत प्रतिशत मतदान और मताधिकार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप के जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान हाई स्कूल मैदान जांजगीर में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आकाश छिकारा की उपस्थित में किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी स्कूल के छात्रों, दिव्यांग, तृतीय लिंगी मतदाताओं और हसदेव के हीरो के युवा व सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने कोसा कांसा कंचन वोट करेगा जन-जन की थीम पर आकर्षक मानव श्रृंखला की आकृति बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों, अधिकारी कर्मचारीयों तथा युवाओं सहित सभी मतदाताओं को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। स्वीप कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि लोकतंत्र में वोट डालने का अधिकार 18 वर्ष की आयु से सभी नागरिकों दिया है। इसलिए मतदाता सूची में 18 वर्ष के प्रत्येक नागरिक, नवविवाहिता, दिव्यांग और थर्ड जेंडर का नाम जुड़वाने की हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज करवाना है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी अपने गांव, शहर में सभी नागरिकों को सूचित कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिला सहित नगरीय निकाय जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत में स्वीप के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस.पी. वैद्य, जिला स्वीप नोडल आर. के. खुटे, अपर कलेक्टर गुड्डु लाल जगत, जिला उप निवार्चन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, एसडीएम जांजगीर, सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।



मानव श्रृंखला बनाकर जागरुकता का संदेश देते स्कूली बच्चे।




शपथ दिलाते कलेक्टर।

---



निरीक्षण के दौरान चर्चा करते एसडीएम।

## बिना सूचना के अनुपस्थित मिली सहायक शिक्षक, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

- एसडीएम ने किया मतदान केन्द्र, धान खरीदी केन्द्र व स्कूलों का निरीक्षण

पामगढ़ एसडीएम ने शनिवार को विधानसभा अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केन्द्र कोनार, मुलमुला, भैसों एवं शासकीय प्राथमिक शाला कोनार एवं मुलमुला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला मुलमुला में सहायक शिक्षक बिना सूचना एवं अवकाश स्वीकृति के विद्यालय से अनुपस्थित मिली जिन्हें नोटिस जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजकुमार तम्बोली ने शनिवार 13 जनवरी को को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 पामगढ़ अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 31, 32, 33 चंडीपारा, 25, 26, 27, 28 भैंसो, 29 झिलमिली, 1, 2, 3, 4 कोनार एवं 5, 6, 7, 8 मुलमुला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फॉर्म 6, 7, 8 का अवलोकन किया गया एवं लंबित आवेदनों का प्रोसेसिंग शीघ्रता से करने निर्देशित किया गया। सभी बीएलओ को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन को दृष्टि गत रखते हुए फॉर्म संकलन में गति लाने कहा गया। निरीक्षण के दौराम धान खरीदी केंद्र कोनार, मुलमुला, भैसों का निरीक्षण किया गया। साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला कोनार एवं मुलमुला का निरीक्षण किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला कोनार में सभी शिक्षक कर्तव्य पर उपस्थित थे। शासकीय प्राथमिक शाला मुलमुला में श्वेता दुबे सहायक शिक्षक बिना सूचना एवं अवकाश स्वीकृति के विद्यालय से अनुपस्थित मिली, जिन्हें नोटिस जारी किया गया।

---

## थाना प्रभारी ने मेडिकल स्टोर संचालकों की ली बैठक, दिए निर्देश



**हसौद।** हसौद टीआई ने मेडिकल स्टोर्स संचालकों की बैठक ली और दिशा निर्देश दिया। उन्होंने संचालकों से कहा कि नशीली दवा एवं एच-1 मेडिसिन की दवा को बिना वैध डॉक्टर पर्ची के किसी को नहीं दे। हसौद एवं आसपास के ग्राम के मेडिकल स्टोर संचालकों को थाना प्रभारी द्वारा मीटिंग रखकर नारकोटिक ड्रग्स वगैरह के संबंध में समझाइए दी गई। शनिवार 12 जनवरी को शाम 7:30 बजे हसौद एवं आसपास के ग्राम में संचालित मेडिकल स्टोर के संचालकों को थाना प्रभारी द्वारा मीटिंग के लिए निर्देश जारी किया गया। मीटिंग में लगभग 15 केमिस्ट शामिल हुए। इस संबंध में थाना प्रभारी के सी मोहले ने उन्हें नारकोटिक्स ड्रग नशीली दवा एवं एच-1 मेडिसिन की दवा को बिना वैध डॉक्टर पर्ची के नहीं बेचने के संबंध में हिदायत एवं समझाइश दिए और उन्होंने कहा कि इस निर्देश का सख्ती के साथ पालन करना सुनिश्चित करें।

## चार सूत्रीय मांगो को लेकर नारी शक्ति संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

- शासन-प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी नहीं दिया जा रहा ध्यान

चार सूत्रीय मांगों को लेकर ग्राम नरियरा की महिलाओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्राम नरियारा से संबंधित मुख्य चार समस्याओं को लेकर नारी शक्ति संघ के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी अकलतरा को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि नरियरा संजय नगर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्युत विभाग, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरियारा जाने वाला मार्ग जर्जर है। इसके चलते लोगों को अवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं से संबंधित चिकित्सक व खून जांच करने वाला पैथोलॉजिस्ट की नियुक्ति करने, युवाओं से संबंधित खेल मैदान व ओपन जिम की व्यवस्था करने तथा बदहाल नल-जल योना को दुरुस्त करना शामिल है। नारी शक्ति संघ के संयोजक भवानी सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत नरियरा जिले का सबसे बड़ा ग्राम पंचायत है। केएसके पावर प्लांट के अनुदान प्राप्त गांव है। सीएसआर मद ही एक साल में करोड़ों रुपए का होता हैं, बावजूद ग्राम पंचायत आज भी पिछड़ा हुआ हैं व मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जबकि छोटे छोटे जनसंख्या वाले गांव बनाहिल, तरौद में ओपन जिम एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है। नारी शक्ति संघ की अध्यक्ष अहिल्या साहू ने बताया कि उनके द्वारा विगत दो वर्षों से मांग किया जा रहा है लेकिन प्रशासन के द्वारा इस पर किसी भी प्रकार से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। महिला रक्षा समिति के मंत्री सीमा साहू ने बताया की इस मार्ग पर सभी सरकारी काम स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा ऑफिस संचालित है। कई बार अधिकारी का दौरा होता है, लेकिन अभी तक किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया है। यहां तक इसकी शिकायत छात्रसंघ व नरियरा विकास मंच कई बार अवगत कराया है।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपती महिलाएं।

## आनंद मेले में छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाए गए व्यंजनों का उठाया आनंद

**अकलतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला अमोरा में आयोजित बाल मेला और आनंद मेला में शाला विकास समिति के सदस्यों, महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों एवं ग्राम वासियों ने छात्र छात्राओं के द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया। आनंद मेला के दौरान बनाए गए टीएमएम की प्रदर्शनी भी किया गया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक जयंत सिंह क्षत्रिय ने कहा कि बच्चो के आंतरिक विशेषताओ के आंकलन करने का तथा नई शिक्षा नीति 2020 को बढ़ावा देते हुए सहसंग्यानात्मक क्षेत्र के आंकलन हेतु बाल मेला और आनंद मेला का आयोजन अवश्य किया जाना चाहिए। छात्र छात्राओं के सतत अध्यापन कार्य के अलावा उनके रुचि को निखारने के लिए गैरशैक्षिक कार्य के जरिए उनके प्रतिभा को भी तराशने की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर बच्चो के द्वारा बनाए गए विज्ञान तथा गणित के मॉडल का भी प्रदर्शनी किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में प्राथमिक प्रधान पाठक श्री बर्मन,रजनीकांत धीवर, श्रीमती रमा प्रधान, शैलेन्द्र कुंभकार, धनेश राम वर्मा, योगेंद्र राय, सुनील शर्मा, सुनील चंद्राकर, बी के शर्मा तथा श्री राज एवं शिव पटेल के साथ साथ समस्त छात्र छात्राओं का योगदान रहा।




---

## अनुनय कान्वेंट के बच्चों ने 200 विज्ञान मॉडल का किया प्रदर्शन

**सक्ती।** अनुनय कॉन्वेंट प्री प्राइमरी स्कूल में प्री प्राइमरी विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा शैक्षणिक विषयों पर प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से प्रयास किया गया था कि विद्यार्थी अपने शैक्षिक विषयों को प्रायोगिक रूप से जाने तथा उनमें जिज्ञासा पैदा हो और उनमें अपने आसपास की वस्तुओं को जानने में रुचि आए। प्रदर्शनी में लगभग 200 मॉडल व चार्ट का को दिखाया गया। विद्यार्थियों के साथ-साथ सैकड़ो में अभिभावकों ने बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा निर्मित मॉडलों का अवलोकन किया तथा उनके प्रयास की सराहना की। संस्था प्रमुख योगेश साहू ने प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापिका रुक्मणी दीवार, सरोज साहू, गिरिजा दास, मेघा सोनी, चुनिंदा साहू, निशा यादव, मुस्कान देवांगन, अमृता, रजनी यादव, रेनू देवांगन, कामिनी साहू भारती साहू, सुमित्रा बरेठ ने मेहनत कर सफल बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन ममता साहू तथा सुमन यादव ने किया।



शैक्षणिक विषयों पर मॉडल का किया गया प्रदर्शन।

## वृंदावन के कलाकार श्रीकृष्ण लीला का कर रहे मंचन

**बाराद्वार।** स्थानीय मारवाडी धर्मशाला में श्रीयुगल उपासक उत्सव मण्डल के तत्वाधान में 13 से 15 जनवरी तक तीन दिवसीय संगीतमय श्रीकृष्ण लीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ 13 जनवरी की शाम 4 बजे से हुआ। वृन्दावन धाम से आये 2 दर्जन कलाकारो के द्वारा मनमोहक श्रीकृष्ण लीला के सभी पात्रों का पारंपरिक वेशभूषा धारण कर श्रीकृष्ण लीला के सभी दृश्यो को दिखाते हुए ब्याख्यान किया जा रहा हैं।

- पहले दिन मनाया गया श्रीकृष्ण का जन्मोतसव

शनिवार को श्रीकृष्ण लीला महोत्सव के पहले दिवस श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान उपस्थित सभी श्रद्धालूओ को बधाईयां स्वरूप चाकलेट एवं खिलौने बांटे गए। आयोजन समिति की सदस्यों ने बताया कि श्रीधाम वृन्दावन धाम के स्वामी शिवदयाल गिरिराज महाराज के सान्निध्य में नगर के मारवाडी धर्मशाला में श्रीकृष्ण लीला महोत्सव का आयोजन किया गया हैं। संगीतमय श्रीकृष्ण लीला का आयोजन रोजाना शाम 4 से 7 बजे तक वृन्दावन से आये 2 दर्जन कलाकरो के द्वारा श्रीकृष्ण लीला के सभी पात्रो का बहुत शुंदर ढंग से वर्णन करते हुए मंचन किया जा रहा हैं।



श्रीकृष्णलीला का मंचन करते कलाकार।

---

## स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक : विवेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

- सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

स्वामी विवेकानंद की जयंती सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता पूर्व छात्र विवेक शर्मा ने कहा आज राष्ट्र में जितनी भी प्रतिभाएं है वे स्वामी जी से प्रभावित है। पूर्व छात्र नवनीत सोनी प्राचार्य अश्विनी कुमार कश्यप ने भी स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला, उनके विचारों को आत्मसात करने की बात कही। स्वामी विवेकानंद समाज के सुधार के लिए शिक्षा की शक्ति में विश्वास करते थे और चरित्र-निर्माण और मूल्य-आधारित शिक्षा के महत्व पर जोर देते थे। अपने भाषणों और लेखों के माध्यम से उन्होंने अनगिनत लोगों को प्रेरित किया और भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को दुनिया भर में पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वामी विवेकानंद जयंती में विद्यालय प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार पांडेय, आचार्य पुरूषोत्तम देवांगन, मन हरण दुबे, नरहरि पटेल, इंद्रसेन बनाफर, लक्ष्मी नारायण टंडन, श्रीमती मिनी देवांगन, ममता देवांगन प्रशांत यादव, श्रीमती उषा देवांगन ,श्रीमती गीता शर्मा, श्रीमती केश्वरी नामदेव, श्रीमती दीपक साहू, श्रीमती निशु राठौर, श्रीमती जया कंसारी, श्रीमती कल्पना यादव, श्रीमती रजनी पाण्डेय, श्रीमती अमीना सोनी, भारती यादव उपस्थित थे।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण एवं स्वामी विवेकानंद व भारत माता की वेशभूषा में सजे बच्चे।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
07 मई से 20 मई 2024, 09 मई से 22 मई 2024, 11 मई से 24 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024
राशिः-स्लीपर -18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411